सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5639	21.11.2019	21.11.2019	**Hamirpur Uttar Pradesh**	www.jagran.com/English https://www.jagran.com/uttar-pradesh/hamirpur-up-fever-spread-in-gugaura-village-fear-of-dengue-19775994.html
Title:	**Suspected dengue cases reported in district Hamirpur, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-**Hamirpur**, SSU-**Uttar Pradesh**			

शहर कोतवाली के गुगौरा गांव में बुखार के प्रकोप से दहशत फैल गई है। जिला अस्पताल में भर्ती 12 मरीजों की प्रारंभिक जांच में डेंगू के लक्षण मिले हैं। डेंगू व स्वाइन फ्लू वार्ड में भर्ती कर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। कानपुर व झांसी से जांच रिपोर्ट आने पर ही डेंगू की पुष्टि हो सकेगी। गुगौरा गांव में कई दिनों से लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। मंगलवार को कुछ लोगों की हालत बिगड़ने पर स्वजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर आए। बुधवार को आई प्रारंभिक जांच रिपोर्ट ने सभी को चौंका दिया। प्राथमिक जांच में अधिकांश मरीजों में डेंगू के लक्षण पाए गए। जिला अस्पताल में भर्ती 45 वर्षीय मुन्ना, 35 वर्षीय दुर्गेश, 25 वर्षीय कंचन, 12 वर्षीय बसंती, 75 वर्षीय गुलाब रानी, 26 वर्षीय अवधेष व 50 वर्षीय कुंवर का डेंगू वार्ड में इलाज किया जा रहा है। एक परिवार के नौ लोग अस्पताल में भर्ती हैं। स्वजन धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट आ गई है, पर अस्पताल प्रशासन सार्वजनिक नहीं कर रहा है। उनके मुताबिक गांव में 50 लोग बुखार से पीड़ित हैं। गांव के 40 वर्षीय अनिरुद्ध सिंह इलाज कराने कानपुर चले गए, वहीं 35 वर्षीय पप्पू सिंह परिवार के चार सदस्यों के साथ झांसी में उपचार करा रहे हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

गांव में फागिग के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव- गुगौरा गांव में बुखार फैलने की सूचना पर संक्रामक रोग रोकथाम विभाग सक्रिय हुआ। आनन-फानन गांव में फागिग के साथ एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। वार्ड में मच्छरदानी, गैलरी में कुछ नहीं, डेंगू वार्ड में हर बेड पर मच्छरदारी लगाई गई है। वार्ड में जगह न होने से एक महिला मरीज को बाहर गैलरी में बेड डाल कर लिटाया गया है। उसके बेड पर मच्छरदानी नहीं लगाई गई।

बुखार फैलने की सूचना पर गांव में टीम भेजी गई थी। अभी डेंगू की पॉजिटिव रिपोर्ट नहीं आई है। रिपोर्ट आने का इंतजार हो रहा है।--डॉ. सुमन, सीएमओ

मरीजों का परीक्षण कराया गया है। एनएस-1 एंटीजेन परीक्षण में डेंगू के लक्षण मिले हैं, लेकिन एलाइजा टेस्ट के बाद ही इसकी पुष्टि हो सकेगी।--डॉ. आरपी मिश्रा, सीएमएस जिला अस्पताल

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
twitter https://twitter.com/MSVC1
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर